दिनांक : 10.05.2024 समय : 07.10 pm

प्रादेशिक समाचार एकांष
आकाशवाणी भोपाल
**सांध्यकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को होने वाले मतदान के लिये कल शाम 6 बजे से बंद हो जायेगा चुनाव प्रचार ।
- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी।
- राज्य में कल नेशनल लोक अदालतों का होगा आयोजन ।
- अगले 24 घंटों में भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर सहित प्रदेष के 35 जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना ।

**चुनाव प्रचार**

लोकसभा निर्वाचन–2024 के चौथे चरण में मध्यप्रदेश के जिन 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में सोमवार 13 मई को मतदान होना है, वहां कल 11 मई की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार–प्रसार समाप्त होने की समय–सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के उन व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा। इस हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सघन निगरानी अभियान भी चलाया जाता है।
गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन के चौथे और मध्य प्रदेश के अंतिम चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खंडवा में 13 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है।

**<u>मतदाता जागरुकता–प्रदेश</u>**

प्रदेश में चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरुकता के कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। देवास जिले में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान में कई नवाचारों से मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत "चलें बूथ की ओर अभियान" में महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी परियोजनाओं में आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं, समूह की महिलाओं एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप द्वारा घर–घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। धार में सामाजिक संस्थाओं द्वारा मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए नवाचार किया जा रहा है । इसके तहत लोकतंत्र के रंग रंगोली के संग थीम पर शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहा पर रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं आगरमालवा में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा स्वीप

गतिविधि के तहत लोकसभा निर्वाचन में शत–प्रतिशत मतदान करने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया ।

## निर्वाचन प्रक्रिया

मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में चार चरणों में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि पहले, दूसरे और तीसरे चरण के सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हो चुका है। चौथे और प्रदेश में अंतिम चरण में शेष रहे 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा। श्री राजन ने बताया कि इस चरण के मतदान के एक दिन पहले और मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित कराना होगा। कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान से पूर्व दिवस और मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है।

## जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## नेशनल लोक अदालत

प्रदेश में कल 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा जायेगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार होने वाली इस लोक अदालत में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ ही जलकर, संम्पत्तिकर, बैंक ऋण व विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे जाएगें। गुना से हमारे संवाददाता ने बताया जिला मुख्यालय के अलावा तहसील न्यायालय चांचौड़ा, राघौगढ, आरोन में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है।

## अक्षय तृतीया

प्रदेष में आज भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर्व के रूप में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उज्जैन में जहां अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया,वहीं राज्यभर में विभिन्न समाजों द्वारा आज सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किए गए । जबलपुर में भगवान परशुराम का महाभिषेक, अखंड श्रीराम नाम संकीर्तन, महाआरती और विशाल भंडारा आयोजित किया जा रहा है। इधर राजधानी भोपाल के गुफा मंदिर स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा के समीप आज सामूहिक आरती और भजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ब्राह्मण समाज द्वारा हवन, पूजन, चलसमारोह और महाआरती के साथ –साथ सहभोज के आयोजन भी किये जा रहे है। सतना,नीमच सहित राज्य के अन्य जिलों में भी अक्षय तृतीया पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के समाचार मिले है।

## मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिले इन दिनों तेज गर्मी का मार झेल रहे हैं। गर्मी के बीच कई जिलों में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश भी हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के एक्टिव होने से इस तरह का मौसम बना है। कल कई जिलों में बारिश हुई और ओले भी गिरे। वहीं, अगले चार दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 13 मई तक आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। इससे गर्मी से थोड़ी राहत भी मिल सकती है।

मौसम विभाग ने बताया कि 11 मई को भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर सहित 35 जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। 12 मई को नीमच, मंदसौर, रतलाम और झाबुआ ही ऐसे जिले हैं, जहां धूप खिली रहेगी। बाकी सभी जिलों में मौसम बदला रहेगा। यहां गरज–चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, आंधी चलने का अनुमान भी है। इसी तरह 13 मई को इंदौर, देवास, बड़वानी, खरगोन, खंडवा सहित 23 जिलों में भी मौसम बदला रहेगा।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज गुजरात टाइटंस का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स के साथ होगा। शाम साढ़े सात से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फेसला लिया है।

अंक तालिका में मौजूदा चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स तीसरे स्थान पर है जबकि गुजरात टाइटंस तालिका में सबसे अंत में है। आज की जीत चेन्नई सुपर किंग्स के प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को मजबूत बनाएगी।

**समाचार संक्षेप में :–**

- नर्मदापुरम जिले के सभी विकासखंडो में आज से ग्रीष्मकॉलीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एक माह तक चलने वाले इस शिविर में हॉकी, व्हालीबाल, बास्केटबॉल, तैराकी, सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जायेगा।
- बैतूल जिले में समर्थन मूल्य पर 9 हजार 76 टन से अधिक गेहूं की खरीदी हुई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए जिले में 20 हजार 885 किसानों ने पंजीयन कराया था।

- नीमच में कलेक्टर ने आज शासकीय पी.जी. कॉलेज मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं जमा करने के लिए स्थापित किए गये केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- आगरमालवा के सीएम राइज शासकीय मॉडल उमावि में कक्षा 3 से 12 तक के बच्चों के लिए लगाये गये 10 दिवसीय समर कैंप का आज समापन हो गया। कैंप में प्रतिदिन योग, नृत्य, वादन, पारम्परिक खेल जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया।
- निवाड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा में 40 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।